# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

# हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

## कक्षा-1

### पाठ्यक्रम

स्वर एवं व्यंजनों का ज्ञान, मात्रा-बिना मात्रा वाले शब्दों का ज्ञान, फलों, सब्ज़ियों एवं रंगों की पहचान, पशु एवं पक्षियों की आवाज़ों की पहचान व उनके रहने के स्थान की पहचान, दिन व महीनों के नाम, नाम वाले शब्द (संज्ञा), चित्र देखकर नाम लिखना, हिंदी गिनती 1 से 10 तक, एक-अनेक (वचन), स्त्री-पुरुष (लिंग)।

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वयं को परखने तथा सफलता के मार्ग की बाधाओं के बारे में पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में दिए गए प्रश्नों को जानने-समझने से विद्यार्थियों के अंदर ज्ञान की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। इन परीक्षाओं की तैयारी से विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास होता है।
- अभिव्यक्ति के सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम के रूप में भाषा समाज के सर्वांगीण विकास, निर्माण, अस्मिता, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। हिंदी ओलंपियाड की तैयारी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के नये मार्ग का सृजन करती है।
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिलता है, इससे चयनित नहीं होने वाले विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता अति आवश्यक है। अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और रटने की बजाय समझने का अधिक प्रयास करें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

# 1 भाषा

1. मोहन पत्र लिख रहा है।
   (क) मौखिक भाषा है
   (ख) लिखित भाषा है
   (ग) दोनों में से कोई नहीं

2. हम बात को सुनकर समझते हैं-
   (क) जब कोई लिखता है
   (ख) जब कोई बोलता है
   (ग) जब कोई पढ़ता है

3. भाषा का मौखिक रूप है-
   (क) लिखना
   (ख) बोलना
   (ग) पढ़ना

4. लिखकर अपनी बात कहने पर सामने वाला-
   (क) सुनकर समझता है
   (ख) पढ़कर समझता है
   (ग) देखकर समझता है

5. विचारों को एक-दूसरे तक पहुँचाने के ढंग को कहते हैं।
   (क) लिपि
   (ख) भाषा
   (ग) व्याकरण

6. भाषा का लिखित रूप है-
   (क) सुनना
   (ख) बोलना
   (ग) लिखना

7. भाषा हमारी सहायता करती है-
   (क) अपनी बात को व्यक्त करने में
   (ख) अन्य लोगों की बात समझने में
   (ग) उपर्युक्त दोनों

8. बोलना भाषा का रूप है-
   (क) लिखित
   (ख) मौखिक
   (ग) उपर्युक्त दोनों में से कोई नहीं

9. जब हम बोल कर अपनी बात कहते हैं तो दूसरा उसे -
   (क) सुनकर समझता है
   (ख) पढ़कर समझता है
   (ग) इशारों से समझता है

10. बोलना और सुनना कौन-सी भाषा में आता है?
   (क) लिखित
   (ख) मौखिक
   (ग) दोनों


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 2 वर्णमाला

1. वर्णमाला में स्वरों की कुल संख्या है-
   (क) 10
   (ख) 11
   (ग) 12

2. वर्णमाला में व्यंजनों की कुल संख्या है-
   (क) 32
   (ख) 35
   (ग) 33

3. मुँह से निकली सबसे छोटी ध्वनि को कहते हैं-
   (क) व्यंजन
   (ख) स्वर
   (ग) वर्ण

4. क्रम से दिए गए वर्ण कहलाते हैं-
   (क) वर्णमाला
   (ख) व्यंजन
   (ग) स्वर

5. सही वर्णों के मेल से बनता है-
   (क) वर्ण
   (ख) वाक्य
   (ग) शब्द

6. शब्दों के सही मेल से बनता है-
   (क) वाक्य
   (ख) शब्द
   (ग) वर्ण

7. 'च' के बाद का वर्ण-
   (क) ज
   (ख) छ
   (ग) झ

8. ऋ क्या है-
   (क) स्वर
   (ख) संज्ञा
   (ग) व्यंजन

9. बोलते समय हमारे मुख से क्या निकलती है?
   (क) वाक्य
   (ख) ध्वनि
   (ग) शब्द

10. वर्ण होते हैं-
   (क) स्वर
   (ख) व्यंजन
   (ग) क, ख दोनों

11. इनमें से स्वर कौन-से हैं-
   (क) अ, आ
   (ख) क, ख
   (ग) क और ख दोनों

12. 'कमल' का पहला वर्ण है-
   (क) स्वर
   (ख) व्यंजन
   (ग) सर्वनाम

# 3 मात्राएँ

1. 'कैमरे' में कौन-सी मात्रा है-

(क) ऐ, ए

(ख) ए, ऐ

(ग) ऐ, ई

2. 'मोर' में कौन-सी मात्रा है-

(क) ओ

(ख) ऐ

(ग) औ

3. शब्द बनाने में प्रयोग होती है-

(क) संज्ञा

(ख) विशेषण

(ग) मात्राएँ

4. व्यंजन ध्वनि में स्वर की मात्रा लगाकर बनते हैं-

(क) संज्ञा

(ख) शब्द

(ग) विशेषण

5. किस स्वर की मात्रा नहीं होती-

(क) ई

(ख) अ

(ग) आ

6. 'रुपया' में कौन-से स्वर की मात्रा है-

(क) उ

(ख) ऊ

(ग) इ

7. 'आम' में कौन-सी मात्रा है--

(क) अ

(ख) ऊ

(ग) आ

8. 'हिरन' में कौन-सी मात्रा है--

(क) इ

(ख) ई

(ग) अ

9. 'शेर' में कौन-सी मात्रा है--

(क) इ

(ख) ऐ

(ग) ए

10. 'रूमाल' में कौन-से स्वर की मात्रा है-

(क) अ

(ख) उ

(ग) ऊ

11. 'घड़ा' में कौन-सी मात्रा है-

(क) आ

(ख) अ

(ग) ए

12. 'मछली' में कौन-सी मात्रा है-

(क) ऐ

(ख) ई

(ग) इ

# 4 नाम वाले शब्द-संज्ञा

1. 'संज्ञा' ( नाम वाले शब्द ) किसे कहते हैं?
   (क) किसी व्यक्ति वस्तु या स्थान को
   (ख) विशेषता बताने वाले शब्दों को
   (ग) इनमें से कोई भी नहीं

2. सही संज्ञा शब्द चुनिए-
   (क) गिलास
   (ख) गलास
   (ग) गलिास

3. टीना ने आज केले खाए। वाक्य में संज्ञा शब्द छाँटिए!
   (क) टीना
   (ख) केले
   (ग) 'क और ख' दोनों

4. मेरे पास पेंसिल है। वाक्य में संज्ञा शब्द छाँटिए-
   (क) मेरे
   (ख) पास
   (ग) पेंसिल

5. सही संज्ञा शब्द चुनिए-
   (क) पेढ़
   (ख) पेड़
   (ग) पेङ

6. मेरी ड्रेस सुंदर है- दिए गए वाक्य में संज्ञा शब्द छाँटिए!
   (क) ड्रेस
   (ख) मेरी
   (ग) सुंदर

8. सही संज्ञा शब्द चुनिए-
   (क) विशाल
   (ख) कबूतर
   (ग) मीठा

7. निम्नलिखित में से सही संज्ञा शब्द चुनिए-
   (क) अकाश
   (ख) आकाश
   (ग) आकश

9. इनमें से कौन-सा शब्द संज्ञा का एक उदाहरण है?
   (क) चिड़िया
   (ख) गाना
   (ग) उसका

10. सही संज्ञा शब्द चुनिए-
   (क) वह
   (ख) खेलना
   (ग) पेड़

# 5 स्त्री जाति, पुरुष जाति-लिंग

1. लिंग कितने प्रकार के होते हैं?

(क) दो

(ख) तीन

(ग) चार

2. 'दादा' शब्द का स्त्रीलिंग है-

(क) दीदी

(ख) दादी

(ग) दिदी

3. 'अध्यापिका' शब्द का पुल्लिंग है-

(क) अध्यापक

(ख) अध्यापिकाएँ

(ग) अध्यपिकी

4. पुरुष या स्त्री जाति को बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(क) संज्ञा

(ख) लिंग

(ग) वचन

5. 'मोर' शब्द का स्त्रीलिंग है-

(क) मोर

(ख) मोरनी

(ग) मोरनि

6. 'भाई' शब्द क्या है?

(क) स्त्रीलिंग

(ख) पुल्लिग

(ग) दोनों

7. 'चाची' शब्द क्या है?

(क) स्त्रीलिंग

(ख) पुल्लिग

(ग) नपुंसकलिंग

8. 'घोड़ी' शब्द का पुल्लिग शब्द है?

(क) घोड़ी

(ख) घोड़े

(ग) घोड़ा

9. किस शब्द से पुरुष जाति का बोध होता है-

(क) स्त्रीलिंग

(ख) पुल्लिग

(ग) इनमे से कोई नहीं

10. 'नौकर' शब्द का स्त्रीलिंग है-

(क) नौकरानी

(ख) नौकरी

(ग) नोकरनी



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 6 वचन ( एक-अनेक )

1. वचन कितने प्रकार के होते हैं?
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

2. जब कोई वस्तु एक होती है तो वह क्या कहलाती है?
   (क) बहुवचन
   (ख) एकवचन
   (ग) दोनों

5. चंदा मामा है-
   (क) अनेक
   (ख) एक
   (ग) दो

4. 'पतंग' शब्द का बहुवचन है-
   (क) पतंग
   (ख) पतंगें
   (ग) पतंगो

5. 'दरवाजे' शब्द के लिए एकवचन है-
   (क) दरवाज़ों
   (ख) दरवाज़े
   (ग) दरवाज़ा

6. 'गाड़ी' शब्द के लिए अनेक शब्द है-
   (क) गाड़ियाँ
   (ख) गाड़ियों
   (ग) गाड़ियाएँ

7. 'छात्रों' शब्द के लिए एकवचन है-
   (क) छात्रे
   (ख) छात्र
   (ग) छत्रों

8. 'पुस्तक' शब्द के लिए बहुवचन है-
   (क) पुस्तकें
   (ख) पुस्तकों
   (ग) पुसतके

9. 'लड़की' शब्द का बहुवचन है-
   (क) लड़कि
   (ख) लड़कियों
   (ग) लड़कियाँ

10. 'नारियाँ' शब्द का एकवचन है-
    (क) नर
    (ख) नारी
    (ग) नारियों

11. एकवचन है-
    (क) मालाओं
    (ख) मालाएं
    (ग) माला

12. गमला शब्द का बहुवचन है -
    (क) गमलें
    (ख) गमले
    (ग) गामलें